gradeup

बैंकिंग और अर्थव्यवस्था साप्ताहिक एक लाइनर

8th-14th अप्रैल 2019

साप्ताहिक वन लाइनर
बैंकिंग एवं अर्थव्यवस्था घटनाक्रम
(8-14 अप्रैल 2019)

प्रिय अभ्यर्थियों,
साप्ताहिक वन लाइनर महत्वपूर्ण बैंकिंग एवं आर्थिक मामलों से जुड़ी खबरों तथा घटनाक्रमों का संग्रह है जोकि **(8-14 अप्रैल) 2019** में घटित हुई हैं। यह लेख आगामी सभी बैंकिंग तथा बीमा परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) से जुड़ी ख़बरें

1. भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए मुद्रा पेटिका स्थापित करने के मानदंड जारी किए

- भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए नई मुद्रा पेटिका (करेंसी चेस्ट) स्थापित करने के दिशानिर्देश जारी किए हैं।
- RBI नई मुद्रा पेटिका स्थापित करने के लिए न्यूनतम मानक निर्दिष्ट किए हैं - स्ट्रांग रूम/वॉल्ट का न्यूनतम क्षेत्र कम से कम 1,500 वर्ग फुट होना चाहिए।
- पहाड़ी/दुर्गम स्थानों पर स्थित बैंकों के लिए, स्ट्रांग रूप/वॉल्ट का न्यूनतम क्षेत्र कम से कम 600 वर्ग फुट होना चाहिए।
- इसके अलावा, नए चेस्ट में प्रति दिन 6.6 लाख बैंक नोट की प्रसंस्करण क्षमता होनी चाहिए।
- पहाड़ी/दुर्गम स्थानों पर स्थित बैंकों के लिए, प्रति दिन 2.1 लाख बैंक नोट की प्रसंस्करण क्षमता होनी चाहिए।
- RBI ने आगे कहा कि - जमीनी हकीकत और उचित प्रतिबंध की दशा में करेंसी चेस्ट की **चेस्ट बैलेंस लिमिट** (CBL) 1,000 करोड़ रुपये होनी चाहिए।

करेंसी चेस्ट के विषय में जानकारी

- करेंसी चेस्ट RBI द्वारा रुपए और नोटों के संग्रहण के लिए अधिकृत चुनिंदा बैंकों की शाखाएं हैं।
- मुद्राचलन में मुद्रा के प्रबंधन का उत्तरदायित्व RBI में निहित है।
- केंद्रीय बैंक केंद्र सरकार को छपने वाले नोटों की संख्या, मुद्रा मूल्यवर्ग, सुरक्षा सुविधाओं आदि की सलाह देता है।
- विभिन्न शहरों में RBI कार्यालय नोट प्रेस से नोट और टकसालों से सिक्के प्राप्त करते हैं। इन्हें करेंसी चेस्ट और सिक्कों के छोटे भंडारग्रह में भेजा जाता है, जहां से इन्हें बैंक शाखाओं में वितरित किया जाता है।

2. RBI ने लखनऊ स्थित को-ऑपरेटिव बैंक पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

- रिजर्व बैंक ने यू.पी. पोस्टल प्राथमिक सहकारी बैंक, लखनऊ पर अपनी शाखा के स्थानांतरण संबंधी मानदंडों के उल्लंघन के लिए 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।
- केंद्रीय बैंक ने कहा कि RBI के पूर्व अनुमोदन के बिना अपनी शाखा को स्थानांतरित करने संबंधी "सहकारी बैंकों के निर्देशों/दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए" सहकारी बैंक पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

3. RBI ने वर्ष 2018-19 में बाजार में 2.98 लाख करोड़ रुपये की नकदी डाली

- RBI की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्ष 2018-19 में बाजार में कुल 2.98 लाख करोड़ रुपये की नकदी (liquidity) डाली है।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- वर्ष 2019-20 के लिए प्रथम द्वैमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य के अनुसार, 7 फरवरी से 31 मार्च के दौरान सर्वांगी नकदी 1-6 फरवरी, 2019 के दौरान 27,928 करोड़ रुपये के दैनिक शुद्ध औसत अधिशेष से कम हो गई, जो केंद्र सरकार के नकदी संतुलन की बढ़त को दर्शाती है।
- इसके साथ ही, OMO के माध्यम से RBI द्वारा डाली गई कुल स्थाई नकदी 2018-19 के लिए 2,98,500 करोड़ रुपये है।

4. बैंकों ने 13.24% ऋण वृद्धि और 10.03% जमा के साथ वित्त वर्ष 2019 समाप्त किया

- रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 29 मार्च से एक पखवाड़े तक बैंक ऋण 13.24 प्रतिशत बढ़कर 97.67 लाख करोड़ रुपये हो गया।
- इसी अवधि के दौरान जमा 10.03 प्रतिशत बढ़कर 125.72 लाख करोड़ रुपये हो गया।
- यह लगातार दूसरी दो अंकीय ऋण वृद्धि है, वित्त वर्ष 2017 में यही ऋण वृद्धि 4.54 प्रतिशत घटकर 78.41 लाख करोड़ रुपये हो गई थी, जो वर्ष 1963 के बाद न्यूनतम थी।

5. पुनर्बीमा दलालों को विदेशी मुद्रा खाते खोलने की अनुमति मिली: आरबीआई

- भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि पुनर्बीमा दलालों को लेनदेन के लिए बैंकों के साथ बिना ब्याज वाले विदेशी मुद्रा खाते खोलने की अनुमति दी गई है।
- इससे पहले, भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (Irdai) ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की थी।
- विदेशी मुद्रा खाता भारत या नेपाल या भूटान की मुद्रा के अलावा किसी अन्य मुद्रा में खोला गया बैंक खाता होता है।

बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र

6. HDFC भारत में सर्वोत्तम बैंक: फोर्ब्स

- फोर्ब्स पत्रिका के 'विश्व के सर्वश्रेष्ठ बैंक' सर्वेक्षण के अनुसार HDFC बैंक देश का शीर्ष बैंक है।
- फोर्ब्स की भारतीय बैंकों की सूची में HDFC बैंक के बाद, ICICI बैंक दूसरे स्थान पर, जबकि DBS तीसरे स्थान पर था।
- फोर्ब्स ने ग्राहक सेवाओं और तकनीकी प्रगति के संदर्भ में वर्ष 2019 की विश्व के सर्वश्रेष्ठ बैंकों की पहली सूची तैयार की है।
- भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (SBI), सूची के शीर्ष 10 में भी जगह नहीं बना पाया और इसे ग्राहकों द्वारा 11वां स्थान दिया गया।
- आश्चर्यजनक रूप से कोटक महिंद्रा बैंक और IDFC बैंक क्रमश: चौथा और पांचवां स्थान हासिल करने में सफल रहे।
- सिंडिकेट बैंक, PNB, इलाहाबाद बैंक, विजया बैंक और एक्सिस बैंक क्रमशः छठे से दसवें स्थान पर थे।
- दूसरी ओर, देश का दूसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB) 16वें स्थान पर था और उसके बाद पेटीएम पेमेंट बैंक का स्थान रहा।
- केनरा बैंक को ग्राहकों द्वारा 30वें स्थान पर रखा गया।
- फोर्ब्स ने 23 देशों के सर्वश्रेष्ठ बैंकों के आकलन के लिए, एक बाजार अनुसंधान कंपनी स्टेटिस्टा के साथ भागीदारी की थी।
- बैंकों को 5 प्रमुख विशेषताओं - विश्वास, डिजिटल सेवाओं, वित्तीय सलाह और शुल्क के आधार पर अंक दिए गए थे।

7. LIC को IDBI बैंक में हिस्सेदारी कम करने के लिए RBI से 12 वर्ष का समय मिला: एक रिपोर्ट

- रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) को IDBI बैंक में अपनी हिस्सेदारी कम करने के लिए 12 वर्ष दिए हैं।
- RBI ने यह शर्त रखी है कि 12 वर्षों के बाद LIC को IDBI बैंक में हिस्सेदारी 10 प्रतिशत घटाकर 40 प्रतिशत करनी होगी।
- बैंक में LIC की 51 प्रतिशत नियंत्रण हिस्सेदारी है, जो बीमाकर्ता को ऋणदाता का अधिकांश शेयर धारक बनाती है।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- IDBI बैंक में सरकार 46.46 प्रतिशत के साथ अन्य प्रमुख निवेशक है, जबकि शेष हिस्सेदारी जनता के पास है।

8. अमीरात इस्लामिक व्हाट्सएप के माध्यम से बैंकिंग शुरू करने वाला विश्व का पहला इस्लामिक बैंक बना

- अमीरात इस्लामिक ने व्हाट्सएप के माध्यम से ग्राहकों के लिए चैट बैंकिंग सेवा शुरू करने की घोषणा की है।
- इसके साथ अमीरात इस्लामिक बैंकिंग क्षेत्र में ऐसी सेवा प्रदान करने वाला पहला बैंक बन गया है।
- बैंक के ग्राहक अब व्हाट्सएप के माध्यम से दैनिक बैंकिंग गतिविधियां सहज और परेशानी मुक्त तरीके से कर सकेंगे।

नोट:

- अमीरात इस्लामिक जिसे पहले अमीरात इस्लामिक बैंक के नाम से जाना जाता था, वर्ष 2004 में लॉन्च किया गया था।
- इसका मुख्यालय संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में स्थित है।
- बैंक की स्थापना शरई सिद्धांतों के अनुरूप बैंकिंग सेवाएं देने के लिए की गई थी।

9. SBI ने पैसालो डिजिटल लिमिटेड के साथ सह-उत्पत्ति ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए

- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने की दृष्टि से, पैसालो डिजिटल लिमिटेड ने भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के साथ पहले सह-उत्पत्ति ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- दूर के ग्राहकों के लिए एक मंच पेश करते हुए, ऋण पत्र 10,000 रुपये से 2 लाख रुपये में तैयार किए गए हैं।
- कंपनी को वित्त वर्ष 2020 में 200,000 ऋण आवेदनों का वितरण किए जाने की उम्मीद है।
- पैसालो डिजिटल लिमिटेड उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और बिहार सहित विभिन्न राज्यों में कारोबार करती है।
- कंपनी ग्रामीण क्षेत्रों में 118 शाखाओं के साथ ग्राहकों को सेवा उपलब्ध कराती है, जिसमें 1500 से अधिक व्यक्तियों की टीम कार्यरत है।

नोट:

- पैसालो डिजिटल लिमिटेड एक व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण गैर-जमा स्वीकार्य NBFC है जो भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत है और वर्ष 1992 से परिचालन में है।

10. RBL बैंक ने ग्राहक अनुभव में सुधार के लिए क्रेडिट विद्या के साथ करार किया

- RBL बैंक ने बैंक ग्राहक के अनुभव को बेहतर बनाने और बढ़ावा देने के लिए क्रेडिट प्रोफाइलर क्रेडिट विद्या के साथ साझेदारी की है।
- बैंक ने कहा यह इसे उपयोगकर्ता के अनुभव को बेहतर बनाने और 15 लाख से अधिक ग्राहकों के लिए विशिष्ट प्रस्ताव की अनुमति देगा।
- RBL बैंक अपने क्रेडिट कार्ड और मोबाइल बैंकिंग एप में क्रेडिट विद्या के बिग डेटा जोखिम अंकन प्लेटफॉर्म का लाभ उठाएगा।

11. HDFC MF, ICICI प्रूडेंशियल को पीछे छोड़ते हुए भारत का शीर्ष संपत्ति प्रबंधक बना

- एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया (AMFI) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, HDFC म्यूचुअल फंड ICICI प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड को बुरी तरह से पछाड़ते हुए देश की सबसे बड़ी संपत्ति प्रबंधन कंपनी बनी।
- दिसंबर के अंत तक, HDFC MF ने 3.35 ट्रिलियन रुपये की संपत्ति का प्रबंधन किया, जबकि ICICI प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड का मूल्य 3.08 ट्रिलियन रुपये था।
- SBI एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड 2.83 ट्रिलियन रुपये के AUM के साथ दो पायदान चढ़कर पांचवे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गई।

भारत में शीर्ष 5 परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी:

HDFC एसेट मैनेजमेंट, ICICI प्रूडेंशियलसेट मैनेजमेंट, SBI एसेट मैनेजमेंट, आदित्य बिड़ला सन लाइफ एसेट मैनेजमेंट, रिलायंस निप्पॉन एसेट मैनेजमेंट।

नियुक्तियां

12. शिव दास मीणा को NBCC का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया

- आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) के अतिरिक्त सचिव शिव दास मीणा को राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (NBCC) का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (CMD) नियुक्त किया गया है।
- 1989-बैच के तमिलनाडु कैडर के एक भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी शिव दास मीणा, डॉ. अनूप कुमार मित्तल की जगह लेंगे। उन्होंने मित्तल के बाद कंपनी के 17वें CMD के रूप में कार्यभार संभाला है।

NBCC के बारे में जानकारी

- NBCC (इंडिया) लिमिटेड (पूर्व में राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड) भारत सरकार की एक ब्लू-चिप नवरत्न उद्यम और एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जो बाजार में सार्वजनिक रूप से व्यवसाय करती है।
- NBCC को वर्ष 1960 में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) के तत्वावधान में भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाले उद्यम के रूप में निगमित किया गया था।
- NBCC का मुख्यालय भारत के दिल्ली में है।

13. विक्रमजीत साहनी को ICC इंडिया का अध्यक्ष चुना गया

- सन ग्रुप के अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह साहनी को इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स (ICC) - भारत का नया अध्यक्ष चुना गया।

नोट:

- इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स दुनिया में सबसे बड़ा, सबसे अधिक प्रतिनिधि वाला व्यापारिक संगठन है।
- ICC का मुख्यालय फ्रांस के पेरिस में है।

14. नवरत्न कूल ने वरुण धवन को नया ब्रांड एंबेसडर चुना

- इमामी लिमिटेड के पॉवर ब्रांड्स में से एक नवरत्न कूल ने बॉलीवुड के दिल की धड़कन अभिनेता **वरुण धवन** को ब्रांड एंबेसडर चुना है।
- लोकप्रिय अभिनेता, जो अपने युवा छवी और चंचलता के लिए जाने जाते हैं, नवरत्न कूल के नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में नयापन लाएंगे।
- शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, गोविंदा, चिरंजीवी, शिल्पा शेट्टी और जूनियर एन.टी.आर ने भी नवरत्न ब्रांड के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य किया है।
- हर्ष वी. अग्रवाल इमामी लिमिटेड के निदेशक हैं।

15. गार्गी कौल को रक्षा वित्त सचिव नियुक्त किया गया

- सरकार ने नौकरशाही फेरबदल के तहत वरिष्ठ नौकरशाह गार्गी कौल को रक्षा वित्त सचिव के रूप में नियुक्त किया है।
- वह इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट सर्विस की 1984 बैच की अधिकारी हैं, वह वर्तमान में रक्षा मंत्रालय की वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवा) हैं।

16. कर्णम सेकर को इंडियन ओवरसीज बैंक का MD, CEO नियुक्त किया गया

- सरकार ने कर्णम सेकर को इंडियन ओवरसीज बैंक के MD, CEO के रूप में नियुक्त किया है।
- नई नियुक्ति 1 जुलाई, 2019 से प्रभावी होगी।

- कर्णम सेकर वर्तमान में देना बैंक के CEO **और** MD हैं। वह जून, 2019 के अंत तक IOB के साथ विशेष कार्य और पूर्णकालिक निदेशक के पद पर काम करेंगे।

अन्य नियुक्तियां:

- विजया बैंक के पूर्व MD और CEO आर.ए. शंकर नारायणन केनरा बैंक में इसी पद पर कार्य करेंगे।
- देना बैंक के कार्यकारी निदेशक आर.के. यदुवंशी को पंजाब नेशनल बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है।
- विजया बैंक में कार्यकारी निदेशक नागेश्वर राव को सिंडिकेट बैंक में विशिष्ट कार्य अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।
- विजया बैंक के एक अन्य कार्यकारी निदेशक मुरली रामास्वामी को बैंक ऑफ बड़ौदा में नियुक्त किया गया है।

अर्थव्यवस्था समाचार

17. विश्व बैंक ने वर्ष 2019-20 में भारत की GDP विकास दर 7.5% रहने का अनुमान लगाया

- दक्षिण एशिया पर विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2019-20 में भारत की GDP विकास दर में सामान्य रूप से 7.5% की तेजी आने की उम्मीद है।
- वित्त वर्ष 2018-19 में वास्तविक GDP विकास दर अनुमान 7.2% था। पहली तीन तिमाहियों के आंकड़ों से पता चलता है कि विकास व्यापक था।

नोट:

- विश्व बैंक के अध्यक्ष: डेविड मालपास,
- मुख्यालय: वाशिंगटन डी.सी., अमेरिका।

18. IMF ने वर्ष 2019-20 के लिए भारत की GDP विकास दर 7.3% तक कम की

- वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (WEO) के नवीनतम संस्करण के अनुसार भारत में विकास दर वित्त वर्ष 2019-20 में 7.3 प्रतिशत और 2020 में 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

19. सरकार ने वर्ष 2018-19 में 3.4% वित्तीय घाटा पूरा किया

- वित्त मंत्रालय को पिछले वित्त वर्ष 2018-19 में 3.4 प्रतिशत के संशोधित राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा करने का विश्वास है।
- प्रत्यक्ष कर संग्रह 50,000 करोड़ रुपये कम हो गया।
- हालांकि, GST संग्रह मार्च में 1.06 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया और सकल GST राजस्व 11.47 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य के पार चला गया, जिससे प्रत्यक्ष करों पर कमी के लिए आंशिक समायोजन में भी मदद मिली।

20. 11 राज्यों में बेरोजगारी राष्ट्रीय औसत से अधिक: NSSO रिपोर्ट

- राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) के वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार, वर्ष 2017-18 में 11 राज्यों में बेरोजगारी दर अखिल-भारतीय औसत से अधिक थी।
- रिपोर्ट के अनुसार, हरियाणा, असम, झारखंड, केरल, ओडिशा, उत्तराखंड, बिहार, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है।
- जबकि केरल सहित नौ राज्य वर्ष 2011-12 के बाद पुन: सूची का हिस्सा बन चुके हैं, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य भी सूची का हिस्सा बन गए हैं।
- सर्वेक्षण 2017-18 की अवधि के दौरान किया गया था।

21. गूगल ने नया क्लाउड प्लेटफॉर्म एंथोस लॉन्च किया

- 10 अप्रैल, 2019 को, गूगल ने नया **क्लाउड प्लेटफॉर्म एंथोस** लॉन्च किया है, जो उपयोगकर्ताओं को कहीं से भी एप्लिकेशन चलाने की अनुमति देता है।
- एंथोस एक पूर्ण सॉफ्टवेयर-आधारित समाधान है। गूगल ने दावा किया है कि उपयोगकर्ता इसे मौजूदा हार्डवेयर पर सेट कर सकते हैं।
- यह उपयोगकर्ताओं को मौजूदा हार्डवेयर या सार्वजनिक क्लाउड पर अपरिवर्तित एप्लिकेशन चलाने की अनुमति देता है, और यह वर्ष 2018 में घोषित क्लाउड सर्विसेज प्लेटफ़ॉर्म पर आधारित है।

22. गूगल पे ने MMTC-PAMP इंडिया के साथ साझेदारी में सोना खरीदने की सुविधा को मंजूरी दी

- गूगल ने गूगल पे उपयोगकर्ताओं को ऐप के माध्यम से सोना खरीदने और बेचने की अनुमति देने के लिए सोना-चांदी रिफाइनर MMTC-PAMP इंडिया के साथ साझेदारी की है।
- गूगल ने एक बयान में कहा, भारत की एकमात्र LBMA प्रमाणित गोल्ड रिफाइनरी के साथ इस साझेदारी के माध्यम से, गूगल पे के उपयोगकर्ता 99.99 प्रतिशत 24-कैरेट सोना खरीद सकेंगे।
- गूगल पे के उपयोगकर्ता किसी भी मूल्य तक का सोना खरीद सकते हैं और जिसे उपयोगकर्ता की ओर से MMTC-PAMP द्वारा सुरक्षित वॉल्ट में संग्रहीत किया जाएगा।
- उपयोगकर्ता इस सोने को किसी भी समय हर मिनट बदलने वाले नवीनतम मूल्य पर खरीद और बेच सकते हैं, जैसा कि गूगल पे ऐप पर प्रदर्शित किया गया है।

23. कानपुर को सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में पहला स्थान मिला

- भारत में वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2014-2019 के अनुसार, उत्तर प्रदेश का कानपुर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है और इसे सूची में पहला स्थान दिया गया है।
- WHO की 15 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में हरियाणा के फरीदाबाद को दूसरा स्थान दिया गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा क्षेत्र वाराणसी को तीसरा स्थान दिया गया है।
- WHO की रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में भारी मात्रा में निर्माण कार्य के कारण एलर्जी और सांस की समस्या से पीड़ित लोगों की संख्या में वृद्धि हो रही है।
- दिल्ली इस सूची में छठे स्थान पर है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में 15 शहरों में से 14 शहर (उत्तर प्रदेश के 4 शहर) भारत के हैं।
- बिहार का गया और पटना इस सूची में चौथे और पांचवें स्थान पर हैं, जबकि दिल्ली छठे और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सातवें स्थान पर है।

24. निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री मोदी की बायोपिक को टालने के लिए अनुच्छेद 324 का उपयोग किया

- भारतीय निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता के दौरान ऐसी किसी भी बायोपिक या प्रचार संबंधित फिल्म के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है, जो किसी भी राजनीतिक संस्था या इससे जुड़ी किसी भी व्यक्तिगत संस्था के उद्देश्यों को पूरा कर सकती है।
- इस प्रतिबंध का संबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बन रही बायोपिक फिल्म से था।
- निर्वाचन आयोग ने अनुच्छेद 324 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग किया जो आदर्श आचार संहिता लागू होने पर किसी भी बायोपिक/प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रदर्शन पर रोक लगाती है।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

25. एयरटेल, FICCI महिला संगठन ने महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित ऐप, माई सर्कल लॉन्च किया

- टेलीकॉम ऑपरेटर भारती एयरटेल और फिक्की महिला संगठन (FLO) ने एक सुरक्षा ऐप माई सर्कल (My Circle) लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य संकट या आपातकाल में SOS संदेश भेजकर महिलाओं की सहायता करना है।
- माई सर्कल ऐप महिलाओं को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, मराठी, पंजाबी, बंगला, उर्दू, असमिया, उड़िया, और गुजराती सहित 13 भाषाओं में अपने परिवार या दोस्तों में से किन्हीं पांच को SOS संदेश भेजने में सक्षम बनाता है।
- माई सर्कल ऐप को एयरटेल X लैब द्वारा विकसित किया गया है और इसकी अवधारणा महिलाओं की विपरीत परिस्थितियों में कार्यरत टीम द्वारा की गई थी।

26. NGT ने आंध्र प्रदेश सरकार पर गैर कानूनी रेत खनन के लिए 100 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

- अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT) की पीठ ने राज्य में अवैध रेत खनन को रोकने में निष्क्रियता के लिए आंध्र प्रदेश सरकार पर 100 करोड़ रुपये का अंतरिम जुर्माना लगाया।
- हरित न्यायाधिकरण की समिति ने कहा कि यह सरकार का कर्तव्य है कि वह बड़े पैमाने पर जनता के संरक्षक के रूप में प्राकृतिक संसाधनों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करे।

27. ड्रीम 11 स्टीडव्यू कैपिटल के निवेश के साथ भारत का पहला गेमिंग यूनिकॉर्न बन गया

- मुंबई स्थित गेमिंग स्टार्टअप ड्रीम 11 स्टीडव्यू कैपिटल के माध्यमिक क्रम में 60 मिलियन डॉलर के निवेश के बाद कम अवधि में तेजी से वृद्धि करने वाले भारत के यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हो गया है।
- यह स्पोर्ट प्लेटफ़ॉर्म देश की पहली गेमिंग कंपनी बन गया है जिसने इसे 1 बिलियन डॉलर या अधिक के निजी स्टार्टअप के विशिष्ट क्लब में शामिल किया है।
- हांगकांग और लंदन स्थित स्टीडव्यू कैपिटल का निवेश ड्रीम 11 द्वारा टेनसेंट के नेतृत्व में 100 मिलियन डॉलर के इक्विटी वित्तपोषण पर हस्ताक्षर के लगभग आठ महीने बाद हुआ है, जो दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इंटरनेट कंपनी है।

नोट:

- बेंटले यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र भावित सेठ और पेन्सिलवेनिया यूनिवर्सिटी के साथ-साथ कोलंबिया यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र हर्ष जैन द्वारा स्थापित, ड्रीम 11 उपयोगकर्ताओं को क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, और नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (NBA) जैसी श्रेणियों में काल्पनिक खेल खेलने की सुविधा प्रदान करता है।

28. सरकार ने अप्रैल-जून तिमाही के लिए सामान्य भविष्य निधि ब्याज दर 8% पर अपरिवर्तित रखी

- सरकार ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए सामान्य भविष्य निधि (GPF) और अन्य संबंधित योजनाओं के लिए ब्याज दर को 8 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।
- यह दर सार्वजनिक भविष्य निधि के अनुरूप है।
- वर्ष 2018-19 की जनवरी-मार्च तिमाही में GPF पर ब्याज दर 8 प्रतिशत थी।

नोट:

- GPF एक भविष्य निधि खाता है, जिसमें केवल केंद्र सरकार के कर्मचारी ही सदस्य होते हैं और ये विशिष्ट सरकारी कर्मचारी अपने वेतन का एक अंश देने और सेवानिवृत्ति के समय एकमुश्त निधि प्राप्त करने के हकदार हैं।

29. भारत वर्ष 2018 में 79 बिलियन डॉलर प्रेषण राशि के साथ सर्वोच्च प्राप्तकर्ता: विश्व बैंक

- विश्व बैंक की माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ रिपोर्ट के अनुसार, प्रवासी भारतीयों के वर्ष 2018 में 79 बिलियन डॉलर वापस घर भेजने के चलते भारत ने दुनिया के शीर्ष प्रेषण राशि प्राप्तकर्ता के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा।
- भारत के बाद चीन (67 बिलियन अमेरिकी डॉलर), मेक्सिको (36 बिलियन अमेरिकी डॉलर), फ़िलीपींस (34 बिलियन अमेरिकी डॉलर) और मिस्र (29 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का स्थान रहा।

- पिछले तीन वर्षों में, भारत ने वर्ष 2016 में 62.7 बिलियन डॉलर से वर्ष 2017 में 65.3 बिलियन डॉलर तक महत्वपूर्ण प्रेषण प्राप्ति दर्ज की है।

30. भारत की जनसंख्या वर्ष 2010 और 2019 के बीच 1.2% की औसत वार्षिक दर से बढ़ी: संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट

- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जनसंख्या वर्ष 2010 और 2019 के बीच 1.2% की औसत वार्षिक दर से बढ़कर 1.36 बिलियन हो गई, जो चीन की वार्षिक वृद्धि दर से दोगुनी है।
- वर्ष 2019 में भारत की जनसंख्या 1.36 बिलियन थी, जो वर्ष 1994 में 942.2 मिलियन और वर्ष 1969 में 541.5 मिलियन थी।
- संयुक्त राष्ट्र की सेक्सुअल एंड रिप्रोडक्टिव हेल्थ एजेंसी ने विश्व जनसंख्या 2019 रिपोर्ट में कहा कि भारत की जनसंख्या वर्ष 2010 और 2019 के बीच 1.2% की औसत वार्षिक दर से बढ़ी।
- रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वर्ष 1969 में प्रति महिला कुल प्रजनन दर 5.6 थी, जो वर्ष 1994 में 3.7 हो गई और वर्ष 2019 में 2.3 हो गई।
- वर्ष 2019 में भारत की जनसंख्या संरचना, रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की 27% जनसंख्या 0-14 वर्ष और 10-24 वर्ष के आयु वर्ग में थी, जबकि देश की 67% जनसंख्या 15-64 आयु वर्ग में थी।
- देश की छह प्रतिशत आबादी 65 वर्ष और उससे अधिक आयु की थी।

31. एयरटेल ने TTSL के साथ विलय के लिए सशर्त मंजूरी मिलने की पुष्टि की

- भारती एयरटेल ने पुष्टि की है कि उसे टाटा टेलीसर्विसेज (TTSL) के साथ विलय के लिए दूरसंचार विभाग से महत्वपूर्ण मंजूरी मिल गई है।
- यह विलय एयरटेल को उस क्षेत्र में तीन बैंडों में 4G के लिए उपयोग किए जाने वाले 178.5 मेगाहर्ट्ज के अतिरिक्त स्पेक्ट्रम प्रदान करेगा, जिस क्षेत्र में मित्तल की अगुवाई वाली कंपनी रिलायंस जियोइन्फोकॉम के साथ तालमेल रखने के लिए विस्तार कर रही है।

32. PayU ने 70 मिलियन अमेरिकी डॉलर में डिजिटल वित्तीय सुरक्षा कंपनी विब्मो का अधिग्रहण किया

- डिजिटल पेमेंट सहायक PayU ने 70 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 484 करोड़ रुपये) में अमेरिका स्थित वित्तीय तकनीकी कंपनी विब्मो (Wibmo) का अधिग्रहण किया, इस अधिग्रहण से कंपनी को अपने व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- डिजिटल भुगतान सुरक्षा एवं मोबाइल भुगतान प्रौद्योगिकी कंपनी विब्मो, PayU के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में अपने सभी ग्राहकों के लिए परिचालन और सेवा जारी रखेगी।

33. हांगकांग का शेयर बाजार जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा शेयर बाजार बना

- हांगकांग का शेयर बाजार कीमत में जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बना, वह अब केवल अमेरिका और चीन से पीछे है।
- ब्लूमबर्ग द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार प्राथमिक सूचीबद्ध प्रतिभूतियां के आधार पर जापान की 5.76 ट्रिलियन डॉलर बाजार पूंजी की तुलना में हांगकांग की बाजार पूंजी 5.78 ट्रिलियन डॉलर थी।

34. लंदन 24x7 प्रदूषण शुल्क लागू करने वाला पहला शहर बना

- लंदन एक विशेष अल्ट्रा लो एमिशन जोन (ULEZ) को लागू करने वाला दुनिया का पहला शहर बन गया, जो पुराने वाहनों से उत्सर्जन मानकों को पूरा नहीं करने पर प्रवेश शुल्क वसूल करेगा।
- लंदन के मेयर सादिक खान के कार्यालय के एक बयान के अनुसार, वायु प्रदूषण को कम करने और जनता के स्वास्थ्य की रक्षा करने के प्रयास में, ULEZ सप्ताह में 24 घंटे और सात दिन चालू रहेगा।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- नए उत्सर्जन मानक को पूरा नहीं करने वाले वाहनों के जोन में प्रवेश करने पर मोटर चालकों को दैनिक शुल्क देना होगा।

35. वित्त वर्ष 2019, 2020 में भारत में स्टील की मांग 7% से अधिक होने की उम्मीद

- इंडियन स्टील एसोसिएशन के अनुसार, भारत में स्टील की मांग वर्ष 2019 और 2020 में 7 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की संभावना है, जो निर्माण, पूंजीगत सामान और रेलवे जैसे क्षेत्रों द्वारा चालित है।
- इंडियन स्टील एसोसिएशन ने भारत की स्टील मांग में कैलेंडर वर्ष 2019 में 7.1 प्रतिशत और कैलेंडर वर्ष 2020 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि की भविष्यवाणी की है।
- विश्व इस्पात संघ ने हाल ही में अनुमान लगाया था कि वर्ष 2019 में भारत में स्टील की मांग 103 मिलियन टन हो सकती है, जो वर्ष 2018 में 96 मिलियन टन थी और वर्ष 2020 में 110 मिलियन टन होगी।

36. रेलवायर वाई-फाई भारत में 1600 रेलवे स्टेशनों पर शुरु हुआ

- भारत में तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाता रेलटेल ने भारत में 1600 रेलवे स्टेशनों को रेलवायर WiFi जोन में परिवर्तित किया।
- मुम्बई का सांताक्रूज़ रेलवे स्टेशन, रेलवायर WiFi ज़ोन बनने वाला 1600वां स्टेशन है।
- एक मिनी रत्न (श्रेणी- I) PSU रेलटेल कॉरपोरेशन, रेलवे ट्रैक के साथ विशेष अधिकृत मार्ग (ROW) पर एक अखिल-भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क का स्वामित्व रखती है।
- रेलवायर रेलटेल की एक खुदरा ब्रॉडबैंड पहल है।

समझौते

37. भारत, स्वीडन ने स्मार्ट सिटी, स्वच्छ तकनीक के समाधान पर सहयोग के लिए समझौता किया

- भारत और स्वीडन ने एक संयुक्त कार्यक्रम शुरू किया, जो स्मार्ट शहरों और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की एक श्रृंखला की दिशा में काम करेगा।
- कार्यक्रम को भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) और स्वीडिश एजेंसी विन्नोवा द्वारा सह-वित्त पोषित किया गया था।
- इस सहयोग के तहत स्वीडन की विन्नोवा स्वीडिश प्रतिभागियों को 2,500,000 स्वीडिश क्रोना (लगभग 1.87 करोड़ रुपये) तक अनुदान के रूप में धन मुहैया कराएगी। भारतीय पक्ष में, प्रति परियोजना 50% (1.5 करोड़ रुपये की सीमा के साथ) का सशर्त अनुदान भारतीय भागीदारों को प्रदान किया जाएगा।

38. IIT मद्रास ने भारत की पहली 'कोल्ड स्प्रे' SMART लैब स्थापित करने के लिए जनरल इलेक्ट्रिक (GE) के साथ कार्य किया

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ने जनरल इलेक्ट्रिक (GE) के सहयोग से एक 'कोल्ड स्प्रे' SMART (सरफेस मॉडिफिकेशन एंड एडिटिव रिसर्च टेक्नोलॉजी) लैब की स्थापना की है।
- यह भारत के किसी भी शैक्षणिक संस्थान में स्थापित होने वाला अपनी तरह का पहला हाई-प्रेशर कोल्ड स्प्रे (HPCS) केंद्र है।
- यह सहयोग एयरो-इंजन और अन्य उद्योगों के लिए नए तकनीकी ज्ञान के विकास और शिक्षा के लिए GE के उद्देश्य के अनुरूप है।
- हाई-प्रेशर कोल्ड स्प्रे मशीनरी को प्लाज़्मा गिकेन, जापान से लाया गया है।
- यह प्रॉजेक्ट अकादमिक और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की "उच्चतर अविष्कार योजना (UAY)" द्वारा प्रायोजित है।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

39. TCS और गूगल ने उद्योग-विशिष्ट क्लाउड समाधान बनाने के लिए भागीदारी की

- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने उद्योग-विशिष्ट क्लाउड समाधान विकसित करने के लिए **गूगल क्लाउड** के साथ भागीदारी की है।
- गूगल क्लाउड प्लेटफॉर्म (GCP) पर TCS का समाधान उद्यमों को सुरक्षित, क्लाउड-नेटिव एनालिटिक्स प्लेटफ़ॉर्म बनाने में मदद करेगा जो उच्च स्तर के वैयक्तिकीकरण को सक्षम बनाता है, और लागत प्रभावी, कार्य में सरल और भविष्य के लिए सहज है।
- इसके अलावा, TCS, एक आधुनिक प्लेटफ़ॉर्म **गूगल एंथोस** का प्राथमिक साझेदार है, जो परिसरों और क्लाउड दोनों में सेवाओं के निर्माण, संचालन और प्रबंधन को सरल बनाता है।

40. माइक्रोसॉफ्ट और टाटा ट्रस्ट ने हथकरघा समूह के विकास में सहायता के लिए समझौता किया

- माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और टाटा ट्रस्ट ने देश के पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भागों में हथकरघा समूहों के विकास के लिए संयुक्त रूप से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- दोनों कंपनियां हथकरघा बुनकरों को व्यवसाय और संचार कौशल, डिजाइन शिक्षा और डिजिटल साक्षरता प्रदान करेंगी ताकि उनके व्यवसाय को बेहतर बनाया जा सके।

नोट:

- माइक्रोसॉफ्ट की रीवीव (ReWeave) पहल, स्थायी आजीविका के विकल्प प्रदान करने के अतिरिक्त, कौशल विकास, डिजाइन, मार्केटिंग और उद्यमशीलता द्वारा बुनाई के पारंपरिक रूपों को संरक्षित करने में मदद करती है।
- टाटा ट्रस्ट की पहल, 'अंतरण' का उद्देश्य विस्तृत कार्यक्रम के माध्यम से बीमार हथकरघा समूहों का कायाकल्प करना है, जो डिजाइनरों और उद्यमियों के रूप में कारीगरों का पोषण करेंगे।

41. भारत सरकार ने T-90 प्रॉजेक्ट के तहत 464 रूसी टैंकों की खरीद को मंजूरी दी

- मंत्रिमंडल सुरक्षा समिति ने 13,500 करोड़ रुपये से अधिक के सौदे में T-90 प्रॉजेक्ट के तहत रूस से 464 रूसी टैंकों की खरीद को मंजूरी दी है।
- टैंक सेना की बख्तरबंद कोर को दिया जाएगा, जिसे उनके द्वारा बाद में भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात किया जाएगा।

42. CMFRI ने तटीय आर्द्रभूमि को बचाने के लिए इसरो के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए

- सेंट्रल मरीन फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट (CMFRI) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने तटीय क्षेत्रों में छोटी आर्द्रभूमियों के मानचित्रण, सत्यापन और सुरक्षा के लिए समझौता किया है।
- समझौते का उद्देश्य उन्हें तटीय आजीविका कार्यक्रमों के माध्यम से पुन: स्थापित करना है।
- समझौता ज्ञापन के अनुसार, दोनों संस्थानों का उद्देश्य आर्द्रभूमि की पहचान और उनका सीमांकन करना तथा तटीय आजीविका जैसे उपयुक्त आजीविका विकल्पों के माध्यम से उन्हें पुनर्स्थापित करना है।
- इस परियोजना का उद्देश्य समुद्री मत्स्य पालन और तटीय क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए अर्थोपाय प्राप्त करना है।

नोट:

- सेंट्रल मरीन फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट भारत के सबसे बड़े समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थानों में से एक है जो भारत के केरल राज्य के कोच्चि में स्थित है।

43. BSE, HDFC बैंक ने स्टार्टअप प्लेटफॉर्म को मजबूत करने के लिए समझौता किया

- BSE स्टार्टअप प्लेटफॉर्म को मजबूत करने के उद्देश्य से BSE ने HDFC बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- इस BSE स्टार्टअप प्लेटफॉर्म पर स्टार्टअप को सूचिबद्ध करने के लाभों के बारे में अधिक जागरूकता फैलाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- एक्सचेंज ने 22 दिसंबर, 2018 को स्टार्टअप प्लेटफॉर्म लॉन्च किया था, जिसका उद्देश्य उद्यमियों को स्टार्टअप को सूचीबद्ध करने के लिए प्रोत्साहित करना और उनके विकास एवं विस्तार के लिए शेयर पूंजी जुटाना था।

44. भारत और श्रीलंका ने सुरक्षा एवं रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की

- भारत और श्रीलंका ने सुरक्षा एवं रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है, जिसमें क्षेत्रीय सुरक्षा, ड्रग और मानव तस्करी पर अंकुश लगाना शामिल है।

शिखर सम्मेलन

45. 17वां MENA विश्व आर्थिक मंच जॉर्डन में आयोजित हुआ

- मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका (MENA) पर **विश्व आर्थिक मंच (WEF)** का 17वां संस्करण मृत सागर, जॉर्डन में आयोजित हुआ।
- बैठक में 50 से अधिक देशों के 1000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान अरब क्षेत्र के 100 से अधिक स्टार्ट-अप ने समारोह में भाग लिया और उद्योग एवं सरकार के नेताओं के साथ अपने उद्योगों के भविष्य पर चर्चा की।
- यह जॉर्डन में 10वीं बैठक और MENA क्षेत्र में 17वीं बैठक है।

पुरस्कार

46. इंडियन ऑयल को उत्कृष्ट पीएसयू के लिए AIMA मैनेजिंग इंडिया अवार्ड मिला

- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) ने वर्ष के उत्कृष्ट पीएसयू के लिए प्रतिष्ठित 'AIMA मैनेजिंग इंडिया अवार्ड 2019' प्राप्त किया।
- सोमवार को आयोजित एक शानदार समारोह में, पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने इंडियन ऑयल के अध्यक्ष, संजीव सिंह को पुरस्कार प्रदान किया।

47. नमामि गंगे को वैश्विक जल शिखर सम्मेलन में वैश्विक पहचान मिली

- यूनाइटेड किंगडम के लंदन में आयोजित वैश्विक जल शिखर सम्मेलन में भारत के प्रमुख कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन या नमामि गंगे को 'पब्लिक वाटर एजेंसी ऑफ द ईयर' अवार्ड प्रदान किया गया।
- ग्लोबल वाटर इंटेलिजेंस ने वैश्विक जल शिखर सम्मेलन के दौरान पुरस्कार प्रदान किया।
- वैश्विक जल शिखर सम्मेलन दुनिया भर में जल उद्योग के लिए प्राथमिक व्यापार सम्मेलन है।
- यह पुरस्कार पूरे अंतर्राष्ट्रीय जल उद्योग में उत्कृष्टता को मान्यता प्रदान करता है और जल, अपशिष्ट जल तथा विलवणीकरण के क्षेत्रों में उन पहलों को पुरस्कृत करता है जो लोगों के जीवन में विशिष्ट सुधार लाती हैं।

नमामि गंगे मिशन के बारे में जानकारी

- यह एक एकीकृत संरक्षण मिशन है, जिसे जून, 2014 में केंद्र सरकार द्वारा 'प्रमुख योजना' के रूप में मंजूर किया गया था, इसमें राष्ट्रीय नदी गंगा के प्रदूषण में कमी, संरक्षण और कायाकल्प के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का बजट प्रदान किया गया था।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

48. GIC इंडिया की प्रमुख को फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन से सम्मानित किया गया

- जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन (GIC) ऑफ इंडिया की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक **एलिस जी. वैद्यन** को भारत और यू.के. के बीच बीमा संबंधों को बढ़ावा देने के उनके काम के लिए फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन प्रदान किया गया है।
- लंदन में आयोजित पहले भारत-ब्रिटेन बीमा शिखर सम्मेलन के अवसर पर, उन्हें लंदन के लॉर्ड मेयर, पीटर एस्टलिन और सिटी ऑफ़ लंदन कॉर्पोरेशन की पॉलिसी चेयरमैन कैथरीन मैकगुइनेस द्वारा पारंपरिक सम्मान के लिए चुना गया था।
- फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन अवॉर्ड लंदन के वित्तीय हब को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए लंदन सिटी कॉर्पोरेशन द्वारा दिया जाने वाला सम्मान है, जिसे सिटी या स्क्वायर माइल के रूप में जाना जाता है।

49. भारत के शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने वैश्विक तकनीक पुरस्कार हासिल किया

- भारत के शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप 'दोस्त एजुकेशन' को तंजानिया और मिस्र के दो अन्य विजेताओं के साथ 25,000 डॉलर का तकनीकी पुरस्कार मिला।

दोस्त एजुकेशन

- दोस्त एजुकेशन को माता-पिता द्वारा अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अपने बच्चों को छोटी, अनुकूल ऑडियो कंटेंट भेजने में सक्षम बनाकर बच्चे की प्रारंभिक शिक्षा का उत्तरदायित्व लेने की क्षमता के लिए सम्मानित किया गया था।
- दोस्त एजुकेशन का सॉफ्टवेयर, ऑडियो कंटेंट और टूल किट, बच्चों के शुरुआती विकास को बढ़ावा देने के लिए माता-पिता को सहज और सक्षम बनाता है, ताकि कम आय वाले परिवारों को अपने बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में भेजने के अलावा शिक्षण पर अतिरिक्त खर्च न करना पड़े।

नोट:

- नेक्स्ट बिलियन एडटेक प्राइज 2019 यू.के. स्थित वर्की फाउंडेशन द्वारा संचालित है।
- यह कम आय और विश्व के उभरते देशों में शिक्षा पर प्रारंभिक प्रभाव डालने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी है।

महत्वपूर्ण बैंकिंग एवं आर्थिक शब्दावली

50. CBL - Chest Balance Limit
51. AMFI - Association of Mutual Funds in India
52. NBCC - National Buildings Construction Corporation
53. NSSO - National Sample Survey Office
54. CMFRI - Central Marine Fisheries Research Institute

_____X_____X_____X_____X____

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

BANK 2019 PLUS PACK

1. 400+ Mock Tests on the Latest Exam Pattern
2. Available in Hindi & English
3. All India Rank & Performance Analysis
4. Detailed Explanation of Solutions
5. Topic-wise Tests & Video Courses
6. Available on Mobile & Desktop

gradeup